कर श्याम पे भरोसा | By Toshi Kaur

कर श्याम पे भरोसा हर पल है साथ तेरे
मेरा बाबा, मेरा बाबा ....

चरणों में सांवरे के जो बहेंगे तेरे नैना
हर हाल में कटेंगी दु:ख से भरी ये रैना
सर पे सदा धरेगा हर पल ये हाथ तेरे
मेरा बाबा, मेरा बाबा ....

अपना समझ के इसको फैलेंगी तेरी बाँहें
जितनी हो दूर मंज़िल मुश्किल भरी हो राहें
बन हमसफ़र चलेगा दीनो का नाथ तेरे
मेरा बाबा, मेरा बाबा ....

कोई साथ ना हो तेरे बैरी बने ज़माना
कैसी कठिन घडी हो विश्वास ना डिगाना
बदलेगा रोमी एक दिन बिगड़े हालात तेरे
मेरा बाबा, मेरा बाबा ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%aa%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%b8%e0%a4%be-by-toshi-kaur/